तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

# हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, बुधवार, 3 जुलाई 2024

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा



## राहुल गांधी के हिन्दुओं के प्रति बयान को लेकर आक्रोश

**दुर्गूकोंदल।** भारतीय जनता युवा मोर्चा एवं भाजपा मंडल दुर्गूकोंदल के द्वारा राहुल गांधी का हिंदू धर्म पर किए टिप्पणी को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने घोर निंदा करते हुए विरोध जताकर मंगलवार 2 जुलाई की शाम 4 बजे दुर्गूकोंदल बस स्टैंड पर राहुल गांधी का पुतला फूंका। लोकसभा के प्रतिपक्ष नेता राहुल गांधी ने हिंदू समाज के ऊपर जो अपना बयान दिया है उस पर भाजपा के नेता और कार्यकर्ताओं में आक्रोश देखने को मिल रहा हैं। भाजपा नेताओ ने कहा कि राहुल गांधी ने संसद भवन में हिंदू समाज के हृदय को चोट पहुंचाया है। लोकसभा के मंदिर कहे जाने वाले संसद भवन में राहुल गांधी ने हिंदुओं को हिंसक कहा है, उनको इस देश में रहने का अधिकार नहीं हैं। हिंदुओं को हिंसक कहना गलत है, जिसका भारतीय जनता पार्टी घोर निंदा करता है। इस अवसर पर पीलम नरेटी, विकास राजु नायक, प्रवीण ठाकुर, सोमल जैन, विजय पटेल, अशोक जैन, बिदेसिंह कल्लो, फूलसिंह मंडावी, इसु जनक आरदे, संजय उइके, मनोज दुग्गा, योगेश कुलदीप, रघुनाथ मंडावी, प्रदीप पटेल, राहुल राय, विशेष नरेटी, राधेलाल पटेल, सियाराम मंडावी, मोहन नरेटी सहित भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गोल्डन चौक पर भाजपाइयों ने किया पुतला दहन

अंतागढ़ के मुख्य चौक गोल्डन चौक में राहुल गांधी द्वारा हिंदुओं के प्रति संसद में आपत्तिजनक दिए गए बयान को लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा 2 जुलाई को पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया। भाजयुमो नेता प्रतीक ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी का बयान बेहद ही निंदनीय है। देश के युवा किसी भी कीमत पर हिंदू समाज के बारे में ऐसी बातों को बर्दाश्त नहीं करेगा। राहुल गांधी अविलंब पूरे देश से माफी मांगें। पुतला दहन के दौरान अंतागढ़ भाजयुमो मंडल के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।



## भाजयुमो ने माकड़ी में किया पुतला दहन



कांकेर ग्रामीण मंडल के द्वारा राहुल गांधी का पुतला दहन 2 जुलाई को दोपहर 2 बजे माकड़ी में किया गया। ग्रामीण मंडल की टीम ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गाँधी को होश नहीं रहता कि हम क्या बोल रहे है, अपने बयानों को लेकर कई बार माफी माँग चुके है। हिंदु उनको अहिंसक लग रहे है, लोकसभा में ऐसे बयान देकर देश को शर्मिंदा कर रहे है। ऐसे नेताओं की सदस्यता खत्म कर देनी चाहिए। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष रामचरण कोर्राम, नारायण पोटाई, दशरथ साहू, ईश्वर कावड़े, द्वारका साहू, सतीश नाग, नादू नेताम, शंकर जैन, महावीर सरोज, कन्हैया साहू, गोकुल पटेल, संजय पटेल, रोशन साहू व मंडल के कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे।

छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.cgstate.gov.in
बी.एम. आई.टी.आई.
▸कोपा ▸इलेक्ट्रिशियन
▸हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
▸डीजल मैकेनिक
▸फायर टेक्नालॉजी
▸स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-03/07/24

### प्रदर्शन : लोकसभा में दिए बयान की पहुंची गांव तक गूंज, जगह-जगह विरोध

# राहुल गांधी के हिंदुत्व विरोध बयान पर भड़के भाजपाई, जिलेभर में किया गया पुतला दहन



हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

लोकसभा सदन में 1 जुलाई को लोकसभा के प्रतिपक्ष नेता राहुल गांधी ने हिंदुओं के हिंसक वाले बयान दिए जाने के बाद बवाल मच गया और लोकसभा की यह गूंज गांव तक पहुंच गई। भाजपा व भाजयुमो के पदाधिकारी व सदस्यों ने कांग्रेस नेता का विकासखंड स्तर तक पुतला दहन किया और निंदा किया। भाजपाइयों का कहना था कि उनको यहीं होश नहीं रहता है कि मैं क्या बोल रहा हूं, ऐसे बोल बोलकर कई बार अपनी फजीहत करा चुके हैं।

भाजपा व भाजयुमो के पदाधिकारी कांकेर के पुराना बस स्टैंड में एकत्रित हुए और हिंदुओं को हिंसक कहने पर प्रतिपक्ष नेता राहुल गांधी का विरोध करते हुए पुतला दहन किया और उनसे माफी मांगने को कहा गया। इस दौरान ये भी कहा गया कि अगर राहुल गांधी दोबारा ऐसी गलती करते हैं, तो उनको सदन से निष्कासित किया जाना चाहिए। इस दौरान राहुल गांधी होश में आओ, राहुल गांधी मुर्दाबाद के नारे भी लगाए गए। भाजपा के जिला महामंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि राहुल गांधी ने लोकसभा सदन में हिंदुओं का अपमान किया है। राहुल गांधी लगातार हिंदू धर्म के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी करते रहते हैं। राहुल गांधी को सहपरिवार इटली वापस चले जाना चाहिए, जिस तरह धर्म विरोधी बाते करते हैं, वह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। राहुल गांधी द्वारा लगातार विदेश में जाकर भारत विरोधी बातें भी करते रहे हैं।



## नरहरपुर में नेता प्रतिपक्ष का किया पुतला दहन

लोकसभा सदन में कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा विवादित बयान देते हुए हिंदूओ को हिंसक कहे जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में जमकर गुस्सा देखने को मिला, वहीं नरहरपुर में 2 जुलाई को युवा मोर्चा द्वारा राहुल गांधी के इस बयान पर राहुल गांधी का पुतला दहन कर राहुल गांधी व कांग्रेस पार्टी के खिलाफ नारेबाजी किया। भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश संचेती ने कहा कि आज फिर एक बार पूरे देश में राहुल गांधी व कांग्रेस का हिंदू विरोधी चेहरा देख लिया वही राहुल गांधी ने अपने बयान से हिंदुओं को अपमान किया है और नेता प्रतिपक्ष के पद की गरिमा गिराई है, उन्हें माफी मांगनी चाहिए। युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष गोपाल कृष्ण साहू ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा ही हिंदूओ की भावनाओं को आहत करने का काम किया है वही राहुल गांधी जिनके खुद के धर्म का पता नहीं उन्हें हिंदुओ पर कुछ भी बोलने का अधिकार नहीं और राहुल गांधी के इस बयान पर इनकी सदस्यता रद्द करनी चाहिए तथा अपराध दर्ज होना चाहिए। लोकसभा में दिए गए बयान की हम सभी जमकर निंदा करते हैं। पुतला दहन में संतोष भास्कर, जसराज चोपड़ा, तरुण निषाद, निरंजन सिन्हा, डायमंड सिन्हा, अघन मरकाम, हेमंत कौशिक, मदन मोहन शर्मा, तुषल ठाकुर, रामकुमार पटेल, सुशीला सिन्हा, उमा सिन्हा, राजेश नाग, गणेश कुमार, नितेश, मगेन्द्र, खेमराज सिन्हा, कमलेश जैन, दिनेश साहू, अजीत सिन्हा, रामकिशोर सेन, मंगल कोराम सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन करते युवक पकड़ाया



**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत ग्राम नवाडबरी चौकी हल्बा निवासी 21 वर्षीय चित्रकांत साहू पिता हरिक राम साहू को पुलिस ने 1 जुलाई की शाम 7 बजकर 15 मिनट पर सार्वजनिक स्थान पर अवैध रुप से शराब का सेवन करते हुए पकड़ा। आरोपी के कब्जे से एक अंग्रेजी शराब रॉयल चैलेंजर पौवा जिसमे 60 एमएल भरा हुआ किमती 130 रुपएं और एक नग प्लास्टिक डिस्पोजल को जब्त कर धारा 36 (च) आब्कारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### नरहरदेव विद्यालय में आज शाला प्रवेशोत्सव

**कांकेर।** शासकीय नरहरदेव उत्कृष्ट उमा विद्यालय में आज 3 जुलाई को सुबह 10 बजे शाला प्रवेशोत्सव बनाया जाएगा।



कार्यक्रम विधायक आशाराम नेताम, पूर्व विधायक शिशुपाल शोरी की अध्यक्षता, जिला पंचायत अध्यक्ष हेमंत ध्रुव, नगर पालिका अध्यक्ष सरोज जितेंद्र ठाकुर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष हेमनारायण गजबल्ला, जनपद अध्यक्ष रामचरण कोर्राम, नगर पालिका उपाध्यक्ष मकबूल खान, शिवनगर पार्षद लीना मनोज जैन के विशेष आतिथ्य में होगा।

### जहरीले सर्प के डसने से युवक की हुई मौत

**कांकेर।** पखांजूर थानांतर्गत ग्राम स्कूलपारा पराली थाना बड़गांव निवासी 40 वर्षीय बुधराम ध्रुवा पिता गुटेराम ध्रुवा की सर्प के काटने से मृत्यु हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक को 1 जुलाई की रात करीबन 2 बजे किसी अज्ञात सर्प ने काट लिया, जिसे उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना मे लिया है।

### आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**कांकेर।** राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर नीलेश महादेव क्षीरसागर द्वारा तहसील दुर्गूकोंदल के ग्राम भुरसा तरहुल निवासी 55 वर्षीय ललिता बाई सिवाना की सर्प काटने से मृत्यु हो जाने पर उनके आश्रित फिरतू राम सिवाना को चार लाख रूपए की सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### युवक ने लगाई फांसी कारण अज्ञात

**कांकेर।** दुर्गुकोंदल थानांतर्गत पीव्ही 75 निवासी 24 वर्षीय राजू मंडल पिता सुशील मंडल ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। प्रार्थिया सुशीला मंडल पिता कुमुद मंडल ने पुलिस को बताया कि मृतक 26 जून की सुबह 4 बजे से 1 जुलाई को सुबह 10 बजे के मध्य ग्राम कोकड़े विक्रम गंज सरहदी सागौन प्लांट जंगल में अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना लिया है।

# शासकीय कार्य में व्यवधान डालने वाले रेत माफिया के खिलाफ कार्रवाई की उठी माँग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

- पंचायत प्रतिनिधियों ने स्वीकार किया, जबरदस्ती ताला तोड़कर घुसे
- पंचायत प्रतिनिधियों ने अभी तक थाना में नहीं किया शिकायत



असर : एनजीटी के आदेश पर उत्खनन 10 जून से 15 अक्टूबर तक रहता है बंद

रेत तस्करों ने सत्ता का धौंस दिया, छीनी खनिज सिपाही से चेन माउंटेन की चाबी

अरौद में अवैध ढंग से चल रही रेत खदान में कार्रवाई करने पहुँचे शासकीय कर्मचारियों के साथ 1 जुलाई को लेकर जो भाजपा नेताओं ने बवाल मचाया। उसे लेकर कार्रवाई करने की माँग होने लगी है। खनिज विभाग ने इस मामले को गंभीरता से नहीं लिया तो आने वाले समय में कांग्रेस आंदोलन कर सकती है। कांग्रेसियों का कहना है कि भाजपा नेताओ ने शासकीय कार्य में व्यवधान डाला है, इस पर कार्रवाई होती है या नहीं, देख रहे है। कार्रवाई नहीं होने पर कांग्रेस आंदोलन कर सकती है।

ग्राम पंचायत अरौद के द्वारा कांग्रेस सरकार में बनाए गए कचरा पृथक्करण शेड का हाल लावारिश की तरह है, यहाँ पर कुछ काम नहीं हो रहा था, बल्कि यहां के एक कमरे पर रेत माफिया के चैन माउंटेन के चालक व परिचालकों ने कब्जा कर लिया था। हरिभूमि ने इसकी जानकारी उच्च अधिकारियों को दिया। आनन फानन में ताला तोड़कर वहाँ पर रखे सामान का पंचनामा बनाया गया। पंचायत में पंचनामा में लिखा है कि अवैध व्यक्ति ताला तोड़कर घुसे है। पंचायत प्रतिनिधियों ने अभी तक इस मामले में अवैध ढंग से ताला तोड़कर सरकारी कमरे में कब्जा करने की शिकायत थाना में नहीं किया है। कचरा पृथक्करण शेड पर रहने वाले चैन माउंटेन के आपरेटर ज्ञानदास ▸▸|शेष पेज 12 पर

# फर्जी मालिक बनकर जमीन बेचने का किया इकरारनामा, 3 लाख 60 हजार की हुई ठगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर




हाटकोंगेरा और पंडरीपानी के युवकों ने फर्जी जमीन मालिक बनकर जमीन का सौदा कर लिया और 3 लाख 60 हजार रूपएं लेकर इकरारनामा भी तैयार करवाया। दस्तावेज निकालने पर फर्जी जमीन मालिक का खुलासा हो गया। आरोपियों द्वारा पैसा नहीं लौटाए जाने पर पीड़ित ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया। कांकेर थाना में शिकायत करने पहुंचे शीतलापारा निवासी 24 वर्षीय फैजल खान पिता आमीन खान ने पुलिस को बताया कि हाटकोंगेरा निवासी 46 वर्षीय झाडूराम पिता स्व. जंगल सिंह की हाटकोंगेरा में जमीन है। खसरा नंबर 110 से एक एकड़ रकबा जमीन बेचने के लिए पंडरीपानी निवासी महेश देवांगन ने संपर्क किया और हाटकोंगेरा निवासी कैलाश को झाडूराम बताकर उक्त जमीन का 3 लाख 60 हजार रूपएं अग्रिम भुगतान लेकर इकरारनामा तैयार करवाया। मैने महेश देवांगन को 24 जून 2023 को 10 हजार रूपए और 27 जून को 50 हजार रूपएं आनलाइन और 25 जून को नगद 3 लाख रूपए नरेश सोनी के माध्यम से दिया। विदित हो कि जमीन झाडूराम के नाम पर है और उसकी मौत हो चुकी है, उसके बेटे कैलाश ने फर्जी ढंग से दस्तावेज तैयार करके यह कूट रचित खेल खेला। मूल दस्तावेजों में आज भी मृतक के नाम पर जमीन उल्लेखित है, उसकी फौती नहीं कटने के कारण आज तक उसके जितने भी दावेदार है, उनके नाम जमीन नहीं हो पाई। इस खेल ▸▸|शेष पेज 12 पर

# जमीन विवाद को लेकर भतीजा ने चाचा को पीटा, पुलिस ने दर्ज किया अपराध

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर



भानुप्रतापपुर ग्राम मुल्ला में चाचा और भतीजा के मध्य जमीन की बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ते बढ़ते मारपीट में बदल गया। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। भानुप्रतापपुर थाना में शिकायत करने पहुंचे मुल्ला निवासी 50 वर्षीय गंगा प्रसाद नेताम पिता बिदू राम नेताम ने पुलिस को बताया की मैं खेती का काम करता हूं। गांव में मेरा पैतृक जमीन है, जो बंटवारे में मिला है। मैं अपने जमीन की सुरक्षा के लिए कांटा तार से घेराव किया हूं। मैं 1 जुलाई की शाम करीबन 5 बजे मेरा बड़ा भाई का लड़का शंकर नेताम मेरे खेत भूमि में लगे कांटा तार को हटाकर मेरे जमीन पर जबरदस्ती जुताई कर रहा था, जिसे देखकर मैंने उससे कहा कि मेरी जमीन को ट्रेक्टर से जोताई क्यों कर रहे हो, तभी मेरे भतीजे ने मुझे जमीन की जोताई करने के लिए मना करने वाला तू कौन होता है, बोलते हुए गाली गलौज किया और तुझे यहीं पर जान से मारकर खत्म कर दूंगा की धमकी देते हुए मेरे पास आया और हाथ मुक्का से मुझे मारपीट करने लगा, धक्का मुक्की में मैं जमीन पर गिर गया, गिरने से मेरे पीठ में चोट आई है। घटना को देखकर मेरी पत्नी व बेटी आए और बीच-बचाव किए। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी भतिजा के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# सफाई कर्मचारी को जान से मारने की धमकी देते हुए युवक ने की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर



नगरपालिका कांकेर में सफाई कर्मचारी का काम करने वाली महिला के साथ उसी मुहल्ले के रहने वाले आरोपी ने 2 जुलाई की सुबह गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट किया। महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

कांकेर थाना में शिकायत करने पहुंची टिकरापारा निवासी 45 वर्षीय रजनी बाई बाल्मीकि पति स्व. तिजूराम बाल्मीकि ने पुलिस को बताया कि मैं नगर पालिका कांकेर में सफाई कर्मचारी हूं और 2 जुलाई को सुबह 7 बजे मेन रोड में गुड्डू दुकान से चाय पीकर अपने घर जा रही थी, उसी समय मेरे मुहल्ले में रहने वाले संतोष के द्वारा बेवजह गाली गलौज करने लगा, मेरे द्वारा गाली देने से मना करने पर आरोपी गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ थप्पड़ से मारपीट ▸▸|शेष पेज 12 पर

# यातायात पुलिस ने छात्रों को स्कूल ले जाने वाली बसों की कि जांच, बताई खामियाँ



हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

नए शिक्षा सत्र प्रारंभ हो जाने के उपरांत स्कूली बसों की जाँच यातायात टीम के द्वारा किया जा रहा है। यातायात टीम इस बार स्वंय स्कूलों पर पहुँचकर स्कूल बसों की जाँच किया और बस के चालक व परिचालक को कई अहम जानकारी दिया गया। बस के स्टाफ ने अपनी समस्याओं से भी यातायात प्रभारी को अवगत कराया। यातायात प्रभारी दीपक साव ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण एलिसेला के निर्देशानुसार, एएसपी मनीषा ठाकुर रावटे के मार्गदर्शन एवं यातायात के डीएसपी अविनाश ठाकुर के पर्यवेक्षण में यातायात बल एवं महिला सुरक्षा दल के द्वारा सेंट माइकल स्कूल गोविंदपुर में जाकर स्कूल बसों की जाँच किया गया। जाँच के दौरान सभी बस के पेपर, आरसी, फिटनेस, लाइसेंस व अन्य दस्तावेजों ▸▸|शेष पेज 12 पर

### दामाद ने सास को घर में घुसकर की मारपीट

# नए कानून के तहत जिले के कांकेर थाना में मारपीट का पहला मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर




तीन नए कानून भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीईए) 1 जुलाई की रात 12 बजे के बाद से लागू हो गया। तीन नियम में से बीएनएस के तहत पहला मामला जिले के कांकेर थाना में सबसे पहले दर्ज हुआ।

कांकेर थाना प्रभारी मनीष नागर ने बताया कि शिकायतकर्ता मालगांव निवासी पिलन्तीन साहू पति कुश कुमार साहू 1 जुलाई को कांकेर थाना पहुंची और पुलिस को बताया कि मैं 1 जुलाई को अपने घर पर थी, दोपहर 3 बजे मेरे दोनो दमाद शेखर चंद साहू व महादेव साहू घर आए। मेरा दामाद शेखर चंद साहू बोला कि मेरे बच्चे को चोरी कर लाए हो कहकर गाली दिया और घर से निकल कर चले गए। इसके बाद दोनो दामाद फिर से शाम करीबन 7 बजे घर आए और दरवाजा को तोड़कर दोनो एक राय होकर गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए धक्का मुक्की किए। घटना को मेरी बेटी जानकी साहू व मेरा बेटा विशाल साहू, रमेश साहू व उमेश नेताम एवं अन्य लोगो ने देखा और बीच बचाव किया है। दामाद की इस हरकत से सास बेहद परेशान हुई और घटना की जानकारी कांकेर थाना को देने पहुँची। सास की रिपोर्ट पर दोनो दामाद के खिलाफ 115(2), 296, 324(4), 3 (5), 351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### धाराएं बदली, सजा उतनी ही रहेगी



कांकेर थाना प्रभारी मनीष नागर ने बताया कि नए कानून के तहत मारपीट के मामले में 115(2), 296, 324(4), 3 (5), 351(2) बीएनएस के तहत कार्रवाई हुई, यह नए नियम के तहत कांकेर थाना का पहला मामला है। पहले ऐसे मामलों में धारा 294, 323, 506, 34 आईपीसी के तहत कार्रवाई होती थी।

पाठक सूचना
कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
7000955574, 9098324969

